# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

# हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

## कक्षा-3

## पाठ्यक्रम

चित्रों के नामों की पहचान, स्वरों एवं व्यंजनों का ज्ञान, मात्राओं का ज्ञान एवं मात्राओं से बने शब्दों की पहचान, 'र' के रूप, पशु-पक्षियों और उनकी आवाज की पहचान, शुद्ध शब्द, संज्ञा एवं सर्वनाम शब्दों का ज्ञान, विशेषण एवं क्रिया का ज्ञान, एक-अनेक (वचन), स्त्री-पुरुष (लिंग), समान (पर्यायवाची) एवं विपरीत (विलोम) अर्थ वाले शब्द, बिंदु (ं) एवं चंद्रबिंदु (ँ) के सही स्थान की पहचान, सप्ताह के दिनों के क्रमबद्ध नाम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, राष्ट्रीय प्रतीक एवं पर्वों के बारे में जानकारी, शब्द लड़ी से सही शब्द बनाना।

- हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वयं को परखने तथा सफलता के मार्ग की बाधाओं के बारे में पता चलता है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में दिए गए प्रश्नों को जानने-समझने से विद्यार्थियों के अंदर ज्ञान की जिज्ञासा उत्पन्न होती है। इन परीक्षाओं की तैयारी से विद्यार्थियों का बहुआयामी विकास होता है।
- अभिव्यक्ति के सर्वाधिक विश्वसनीय माध्यम के रूप में भाषा समाज के सर्वांगीण विकास, निर्माण, अस्मिता, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का भी महत्त्वपूर्ण साधन है। हिंदी ओलंपियाड की तैयारी विद्यार्थियों के लिए ज्ञान के नये मार्ग का सृजन करती है।
- अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र मिलता है, इससे चयनित नहीं होने वाले विद्यार्थियों में भी प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षा की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत और एकाग्रता अति आवश्यक है। अर्जुन की तरह अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें और रटने की बजाय समझने का अधिक प्रयास करें, तो सफलता आपके कदम चूमेगी।

# 1-भाषा, बोली, लिपि और व्याकरण

1. कौन-सी भाषा, भाषा का मान्य रूप नहीं है -

(क) मौखिक

(ख) लिखित

(ग) सांकेतिक

2. विचारों के आदान-प्रदान के साधन को कहते हैं -

(क) लिपि

(ख) भाषा

(ग) बोली

3. भाषा सीखने का सही क्रम है -

(क) सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना

(ख) पढ़ना, लिखना, सुनना और बोलना

(ग) दोनों

4. पंजाबी भाषा की लिपि है -

(क) फ़ारसी

(ख) गुरुमुखी

(ग) रोमन

5. मौखिक भाषा कहते हैं -

(क) लिखित एवं मौखिक को

(ख) सांकेतिक भाषा को

(ग) बोलकर समझी जाने वाली

6. भाषा लिखने की विधि को कहा जाता है -

(क) भाषा

(ख) लिपि

(ग) वाक्य

7. भाषा के नियमों की जानकारी मिलती है -

(क) व्याकरण से

(ख) शास्त्रों से

(ग) लिपि से

8. हम भाषा सीखते हैं -

(क) सुनकर और बोलकर

(ख) पढ़कर और लिखकर

(ग) सुनकर, बोलकर, पढ़कर और लिखकर

9. भाषा के रूप हैं -

(क) तीन

(ख) दो

(ग) दोनों

10. पत्र लिखना भाषा का कौन-सा रूप है ?

(क) मौखिक

(ख) लिखित

(ग) दोनों


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 2-वर्णमाला

1. निम्न में कौन-सा वर्ण स्वर है?

(क) प

(ख) इ

(ग) ब

2. हिंदी भाषा में स्वरों की संख्या है -

(क) 11

(ख) 33

(ग) 12

3. वर्णों का सार्थक समूह कहलाता है -

(क) शब्द

(ख) वाक्य

(ग) वर्ण

4. कौन-सा वर्ण व्यंजन नहीं है?

(क) क

(ख) ई

(ग) ब

5. ( ॒ ) चिह्न निम्नलिखित में से है-

(क) चंद्रबिंदु

(ख) बिंदु

(ग) अयोगवाह

6. वर्णमाला किसे कहते हैं ?

(क) शब्दों के क्रमबद्ध समूह को

(ख) वर्णों के क्रमबद्ध समूह को

(ग) विचारों के आदान-प्रदान को

7. वर्ण कितने प्रकार के होते हैं ?

(क) दो

(ख) तीन

(ग) चार

8. स्वर और व्यंजन के योग से बनता है -

(क) स्वरमाला

(ख) वर्णमाला

(ग) मोतियों की माला

9. संयुक्त व्यंजन कितने होते हैं ?

(क) दो

(ख) तीन

(ग) चार

10. 'चवर्ग' का वर्ण नहीं है-

(क) छ

(ख) भ

(ग) ज

# 3–मात्राएँ

1. **हैं पेड़ पर लगे अमरुद – वाक्य का सही क्रम है –**
   (क) पेड़ पर अमरुद लगे हैं ।
   (ख) अमरुद पर पेड़ लगे हैं ।
   (ग) अमरुद लगे हैं पेड़ पर ।

2. **पढ़ है रहा नितिन कविता – वाक्य का सही क्रम है –**
   (क) नितिन कविता पढ़ रहा है ।
   (ख) कविता नितिन पढ़ रहा है ।
   (ग) नितिन रहा है पढ़ कविता ।

3. **मोर के <u>पंख</u> सुंदर होते हैं – वाक्य में 'पंख' शब्द प्रयोग हुआ है –**
   (क) अनुस्वार
   (ख) अनुनासिक
   (ग) अयोगवाह

4. **मैं गाँव में रहता हूँ – 'गाँव' में शब्द प्रयोग हुआ है –**
   (क) अनुस्वार
   (ख) अनुनासिक
   (ग) पदेन

5. **प् + र् + अ + श् + न् + अ – को जोड़कर बना शब्द है –**
   (क) परशन
   (क) प्रशन
   (ग) प्रश्न

6. **'कृपालु' शब्द के 'क' वर्ण में कौन-सी मात्रा है?**
   (क) ऊ की
   (ख) उ की
   (ग) ऋ की

7. **'रुपया' शब्द के 'र' वर्ण में कौन-सी मात्रा है ?**
   (क) ऋ की
   (ख) उ की
   (ग) ऊ की

8. **'कौन' शब्द के 'क' वर्ण में कौन-सी मात्रा है ?**
   (क) ओ की
   (ख) ऊ की
   (ग) औ की

9. **'बेर' शब्द के 'ब' वर्ण में कौन-सी मात्रा है ?**
   (क) ए की
   (ख) ऐ की
   (ग) इ की

10. **'मोर' शब्द के 'म' वर्ण में कौन-सी मात्रा है ?**
    (क) औ की
    (ख) ओ की
    (ग) उ की


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

11. **सही मात्रा वाला शब्द है -**

(क) गूलाल

(ख) गुलाल

(ग) गोलाल

12. **स्वर के निश्चित चिह्नों को कहते हैं -**

(क) मात्रा

(ख) बारहखड़ी

(ग) दसखड़ी

13. **वर्णों के सही मेल से बनते हैं -**

(क) मात्रा

(ख) शब्द

(ग) वाक्य

14. **शब्दों के सही मेल से बनते हैं -**

(क) वाक्य

(ख) स्वर

(ग) व्यंजन

15. **क्रमशः - शब्द में प्रयुक्त हुआ है -**

(क) नुक्ता

(ख) विसर्ग

(ग) अनुस्वार

16. **'केला' में मात्रा है–**

(क) ऐ

(ख) ऐ

(ग) ए

17. **'सागर' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है-**

(क) स् + आ + ग् + ʿ + अ

(ख) स् + आ + ग् + अ + ʿ + अ

(ग) स् + आ + ग् + ʿ + अ

18. **बिंदु का उच्चारण होता है-**

(क) मुँह से

(ख) नाक से

(ग) नाक और मुँह दोनों से

19. **चंद्रबिंदु का उच्चारण होता है-**

(क) मुँह से

(ख) नाक से

(ग) नाक और मुँह दोनों से

20. **इ की मात्रा वाला शब्द है-**

(क) नौका

(ख) किला

(ग) कीट

21. **चंद्रबिंदु का उच्चारण होता है-**

(क) मुँह से

(ख) नाक से

(ग) नाक और मुँह दोनों से

22. **मात्रा वाला स्वर नहीं है-**

(क) ऋ

(ख) क

(ग) आ

# 4-संज्ञा

1. संज्ञा के कितने भेद हैं -
(क) दो
(ख) तीन
(ग) चार

2. भाव का नाम है -
(क) मोर
(ख) प्रेम
(ग) चावल

3. स्थान का नाम है -
(क) नेहा
(ख) गरमी
(ग) चिड़ियाघर

4. वस्तु का नाम है -
(क) फूल
(ख) मेज़
(ग) सरदी

5. भाववाचक संज्ञा है -
(क) बचपन
(ख) लाल किला
(ग) गंगा

6. निम्न में संज्ञा शब्द है -
(क) मैं
(ख) तुम
(ग) गाय

7. कुर्सी नाम है
(क) वस्तु का
(ख) स्थान का
(ग) प्राणी का

8. निम्न में से कौन-सा शब्द संज्ञा नहीं है?
(क) राजा
(ख) दूध
(ग) सुंदर

9. कौन-सा शब्द संज्ञा नहीं है?
(क) काला
(ख) राष्ट्र
(ग) गरीबी

10. जयपुर नाम है-
(क) स्थान का
(ख) व्यक्ति का
(ग) वस्तु का

11. कौन-सा शब्द जातिवाचक संज्ञा है ?
(क) क्या
(ख) कौन
(ग) गाय

12. व्यक्ति का नाम है-
(क) मोहन
(ख) गाय
(ग) बगीचा


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 5- संयुक्त व्यंजन

1. धक्का शब्द में प्रयुक्त व्यंजन है -

(क) सरल

(ख) संयुक्त

(ग) द्वित्व

2. है कृष्ण नटखट बहुत बालक - वाक्य का सही क्रम है -

(क) कृष्ण बहुत नटखट बालक है

(ख) कृष्ण बहुत है नटखट बालक

(ग) बालक कृष्ण बहुत पर नटखट है

3. क्षमा शब्द में प्रयुक्त व्यंजन है -

(क) द्वित्व

(ख) संयुक्त

(ग) सरल

4. ज्ञ में कौन-सा व्यंजन नहीं है?

(क) ज

(ख) ञ

(ग) ण

5. कौन-सा व्यंजन मात्रा के रूप में प्रयोग होता है ?

(क) र

(ख) ऋ

(ग) ई

6. संयुक्त व्यंजन में कितने व्यंजन होते हैं ?

(क) एक से अधिक

(ख) दो से अधिक

(ग) तीन से अधिक

7. दो समान व्यंजन एक साथ आने पर कहलाते हैं-

(क) द्वित्व

(ख) सरल

(ग) मिश्र

8. संयुक्त व्यंजन हैं-

(क) तीन

(ख) चार

(ग) पाँच

9. द्वित्व व्यंजन का उदाहरण है-

(क) खट्टा

(ख) गट्ठर

(ग) हत्था

10. भ + ग + वा + न - को जोड़कर बना शब्द है -

(क) भगवन

(ख) भगवान

(ग) भागवान

# 6-लिंग

1. 'तोता' शब्द में कौन-सा लिंग है ?
   (क) पुल्लिग
   (ख) स्त्रीलिंग
   (ग) दोनों

2. लिंग के भेद हैं -
   (क) दो
   (ख) तीन
   (ग) चार

3. गंगा है -
   (क) स्त्रीलिंग
   (ख) पुल्लिग
   (ग) दोनों

4. माली शब्द का स्त्रीलिंग है -
   (क) मालिन
   (ख) मालीन
   (ग) मालिनी

5. लेखिका शब्द का पुल्लिंग है -
   (क) लेखक
   (ख) लेखाक
   (ग) लेखका

6. खरगोश शब्द का स्त्रीलिंग है -
   (क) भाली
   (ख) भालिन
   (ग) मादा खरगोश

7. अध्यापक का स्त्रीलिंग है -
   (क) अध्यापिका
   (ख) अध्यापीका
   (ग) अध्यापकी

8. हिमालय है -
   (क) स्त्रीलिंग
   (ख) पुल्लिग
   (ग) कोई नहीं

9. हथिनी का पुल्लिंग है -
   (क) हाथी
   (ख) गीदड़
   (ग) शेर

10. मोर शब्द का स्त्रीलिंग है -
   (क) मोरनी
   (ख) मोरिनी
   (ग) मोरीनी

11. प्रशांत महासागर है -
   (क) पुल्लिग
   (ख) स्त्रीलिंग
   (ग) दोनों

12. वृक्षों और समुद्रों के नाम होते हैं -
   (क) स्त्रीलिंग
   (ख) पुल्लिग
   (ग) दोनों


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 7-वचन

1. **तोता शब्द का प्रयोग होता है -**
   (क) एक के लिए
   (ख) एक से अधिक के लिए
   (ग) किसी के लिए नहीं

2. **एकवचन का प्रयोग होता है -**
   (क) एक के लिए
   (ख) एक से अधिक के लिए
   (ग) किसी के लिए नहीं

3. **बहुवचन का प्रयोग होता है -**
   (क) एक के लिए
   (ख) एक से अधिक के लिए
   (ग) कोई नहीं

4. **कलमें शब्द का एकवचन है -**
   (क) कलम
   (ख) कमल
   (ग) कलमों

5. **बहुत तेज बरसात हो रही है - वाक्य में 'बरसात' है -**
   (क) एकवचन
   (ख) बहुवचन
   (ग) कोई नहीं

6. **दरवाजा शब्द का बहुवचन है -**
   (क) दरवाज़े
   (ख) दरवाज़ें
   (ग) दरवाज़ों

7. **वचन के भेद हैं -**
   (क) दो
   (ख) तीन
   (ग) चार

8. **जनता शब्द है -**
   (क) एकवचन
   (ख) बहुवचन
   (ग) दोनों

9. **चिड़िया का बहुवचन है -**
   (क) चिड़ा
   (ख) चिड़ियाँ
   (ग) चिड़ियाएँ

10. **पौधा शब्द का बहुवचन होगा -**
    (क) पौधे
    (ख) पौध
    (ग) पौधी

11. **नीरज ने दवाई खा ली। वाक्य में दवाई का बहुवचन होगा-**
    (क) दवाइयां
    (ख) दवाइयाँ
    (ग) दवाईयां

12. **दाल शब्द का बहुवचन है-**
    (क) दालें
    (ख) दालों
    (ग) दालियां

# 8–सर्वनाम

1. .......कल हवाई ज़हाज से मुंबई जाएँगे।

(क) तुम

(ख) वह

(ग) वे

2. बाहर ........... खड़ा है ?

(क) क्या

(ख) कौन

(ग) तुम

3. सर्वनाम का प्रयोग करने से भाषा–

(क) सरल व सुंदर बनती है

(ख) कठिन बनती है

(ग) कोई नहीं

4. 'कोई रो रहा है'–सर्वनाम है

(क) कोई

(ख) रो

(ग) रहा है

5. ........ एक नया खिलौना खरीदा।

(क) मैं

(ख) मैंने

(ग) मुझे

6. जिज्ञासा और उसकी बहन विद्यालय जा रहे हैं – वाक्य में सर्वनाम है–

(क) जिज्ञासा

(ख) बहन

(ग) उसकी

7. सर्वनाम शब्द है–

(क) कार्तिक

(ख) मोहन

(ग) वह

8. सर्वनाम का प्रयोग होता है–

(क) संज्ञा के स्थान पर

(ख) क्रिया के स्थान पर

(ग) विशेषण के स्थान पर

9. कौन–सा शब्द सर्वनाम नहीं है?

(क) पुराना

(ख) हमारा

(ग) तुम

10. निम्नलिखित शब्द में सर्वनाम है–

(क) पर्वत

(ख) अच्छा

(ग) मैंने?

11. कौन–सा शब्द सर्वनाम नहीं है?

(क) तुम

(ख) कोमल

(ग) तुम्हारा

12. हम कल आगरा जाएँगे – इसमें सर्वनाम है–

(क) कल

(ख) हम

(ग) आगरा जायेंगे



हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 9–विशेषण

1. 'उसने काले जूते खरीदे' वाक्य में विशेषण है –
   (क) उसने
   (ख) काले
   (ग) जूते

2. 'फूल' के लिए सही विशेषण है –
   (क) रंग-बिरंगे
   (ख) सफ़ेद
   (ग) दोनों

3. 'रोचक कहानी' में विशेषण है –
   (क) रोचक
   (ख) कहानी
   (ग) इनमें से कोई नहीं

4. ................ कौवा मेरी रोटी लेकर उड़ गया –
   (क) अच्छा
   (ख) लालची
   (ग) बुरा

5. निम्न में विशेषण नहीं है–
   (क) मीठा
   (ख) तुम
   (ग) सुंदर

6. 'अंगूर मीठे हैं' वाक्य में विशेषण शब्द है –
   (क) अंगूर
   (ख) मीठे
   (ग) हैं

7. ................ लोग सदा सफलता प्राप्त करते हैं ।
   (क) परिश्रमी
   (ख) आलसी
   (ग) सुस्त

8. मेरा मित्र ................ है–
   (क) समझदार
   (ख) गंदा
   (ग) ईर्ष्यालु

9. हिरण के सींग होते हैं–
   (क) बड़े
   (ख) विशाल
   (ग) छोटे

10. गार्ड ने .................... झंडी दिखाकर गाड़ी को रवाना किया ।
    (क) लाल
    (ख) हरी
    (ग) नीली

11. कोयल गाती है –
    (क) कड़वा
    (ख) मधुर
    (ग) नमकीन

12. 'नीम कड़वा होता है' वाक्य में विशेषण शब्द है –
    (क) नीम
    (ख) कड़वा
    (ग) होता है

# 10–क्रिया

1. हाथी धीरे-धीरे चलता है। वाक्य में क्रिया शब्द है –
   (क) हाथी
   (ख) धीरे-धीरे
   (ग) चलता है

2. दादी भजन गा रही हैं । वाक्य में क्रिया है –
   (क) दादी
   (ख) भजन
   (ग) गा रही हैं

3. क्रिया का उदाहरण नहीं है–
   (क) दौड़ना
   (ख) बुढ़ापा
   (ग) टिमटिमाना

4. मछली–
   (क) सो रही है
   (ख) तैर रही है
   (ग) दौड़ रही है

5. कर्म के आधार पर क्रिया के भेद हैं –
   (क) दो
   (ख) तीन
   (ग) चार

6. बाग में मोर नाच रहा है । वाक्य में 'नाच रहा' शब्द है
   (क) सर्वनाम
   (ख) क्रिया
   (ग) विशेषण

7. 'रवि ने पुस्तक पढ़ी'-इस वाक्य में क्रिया है –
   (क) रवि
   (ख) पुस्तक
   (ग) पढ़ी

8. सिपाही ने चोर को ......... वाक्य में उचित क्रिया शब्द होगा –
   (क) पकड़ा
   (ख) गया
   (ग) हँसा

9. क्रिया से क्या पता चलता है?
   (क) किसी काम के करने या होने का
   (ख) किसी से बात करने का
   (ग) कोई नहीं

10. 'क्रिया' का सही उदाहरण है–
    (क) गाय
    (ख) पढ़ना
    (ग) कीर्ति

11. निम्न में क्रिया शब्द नहीं है–
    (क) चलना
    (ख) दौड़ना
    (ग) पर्वत

12. 'वे फिल्म देख रहे हैं' वाक्य में क्रिया है –
    (क) वे
    (ख) फिल्म
    (ग) देख रहे हैं

# 11-विलोम शब्द

1. 'गरम' का विलोम है -
   (क) शीतल
   (ख) ठंडा
   (ग) कठिन

2. 'सरल' का विलोम है -
   (क) कठिन
   (ख) मुश्किल
   (ग) आसान

3. 'आधा' शब्द का विलोम है -
   (क) पूरा
   (ख) अधूरा
   (ग) एक

4. अधिक का विलोम है -
   (क) कम
   (ख) ज्यादा
   (ग) बहुत कम

5. 'चतुर' का विलोम है -
   (क) चालाक
   (ख) मूर्ख
   (ग) बेवकूफ

6. 'कमज़ोर' का विलोम है -
   (क) मजबूत
   (ख) अँधेरा
   (ग) उत्तर

7. विलोम शब्द कहते हैं -
   (क) समान अर्थ देने वाले शब्दों को
   (ख) उलटा अर्थ देने वाले शब्दों को
   (ग) विशेष अर्थ देने वाले शब्दों को

8. 'सुख' का विलोम है-
   (क) प्रसन्नता
   (ख) खुशी
   (ग) दुख

9. आरंभ का विलोम है -
   (क) समाप्ति
   (ख) अंत
   (ग) खत्म

10. 'मित्र' का विलोम है -
   (क) दोस्त
   (ख) शत्रु
   (ग) सखा

11. 'गुण' का विलोम है -
   (क) सगुण
   (ख) निर्गुण
   (ग) अवगुण

12. 'सत्य' का विलोम है
   (क) असत्य
   (ख) झूठ
   (ग) सच

# 12-अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

1. 'जहाँ इलाज के लिए जाते हैं' के लिए सही शब्द है -
   (क) विद्यालय
   (ख) सचिवालय
   (ग) अस्पताल

2. जो खेती करता है-
   (क) बढ़ई
   (ख) किसान
   (ग) ग्वाला

3. जो परिश्रम करता है-
   (क) परिश्रमी
   (ख) दुर्बल
   (ग) कंजूस

4. जिसका मूल्य न आँका जा सके-
   (क) अमर
   (ख) कुम्हार
   (ग) अमूल्य

5. साथ में पढ़ने वाला -
   (क) सहयात्री
   (ख) सहपाठी
   (ग) पाठिका

6. नगर में रहने वाला -
   (क) ग्रामीण
   (ख) नागरिक
   (ग) पर्यटक

7. 'जहाँ पुस्तकें रखी जाती हैं' के लिए सही शब्द है -
   (क) शेल्फ
   (ख) अलमारी
   (ग) पुस्तकालय

8. 'परोपकारी' उसे कहते हैं, जो-
   (क) चित्र बनाता है
   (ख) दूसरों की भलाई करता है
   (ग) आगे की बात जानता है

9. नीचे लिखा हुआ -
   (क) उपर्युक्त
   (ख) निम्नलिखित
   (ग) अधोलिखित

10. दूर की सोचने वाला -
   (क) दूरदर्शी
   (ख) दैनिक
   (ग) साप्ताहिक

11. जिसके मन में दया हो -
   (क) दयाहीन
   (ख) दयालु
   (ग) दयालू

12. जो मूर्ति बनाता है -
   (क) सलाहकार
   (ख) मूर्तिकार
   (ग) लुहार

# 13-पर्यायवाची शब्द

1. नदी बह रही है । वाक्य में 'नदी' शब्द का पर्यायवाची है-
   (क) पुस्तक
   (ख) तनय
   (ग) सरिता

2. ईश्वर सर्वत्र है । वाक्य में 'ईश्वर' शब्द का पर्यायवाची है -
   (क) अम्बुज
   (ख) प्रभु
   (ग) सदन

3. हिमालय पर्वत सबसे ऊँचा है । वाक्य में 'पर्वत' का पर्यायवाची है -
   (क) राकेश
   (ख) गिरि
   (ग) प्रभात

4. वर्षा का पर्यायवाची है -
   (क) सलिल
   (ख) मेह
   (ग) सदन

5. बालक का पर्यायवाची है -
   (क) नग
   (ख) प्रभात
   (ग) शिशु

6. सागर का पर्यायवाची है -
   (क) नीर
   (ख) जलधि
   (ग) निकेतन

7. तालाब में कमल खिला है । वाक्य में कमल का पर्यायवाची है -
   (क) सरोवर
   (ख) जगत
   (ग) पंकज

8. दिन निकल आया । वाक्य में 'दिन' का पर्यायवाची है -
   (क) वासर
   (ख) अँधेरा
   (ग) पृथ्वी

9. आज आसमान में बादल छाए हैं। वाक्य में आसमान का पर्यायवाची है -
   (क) नयन
   (ख) नभ
   (ग) तरु

10. एक ही अर्थ वाले शब्दों को कहते हैं -
   (क) अनेकार्थी शब्द
   (ख) पर्यायवाची शब्द
   (ग) विलोम शब्द

11. पेड़ का पर्यायवाची है -
   (क) समीर
   (ख) बाग
   (ग) तरु

12. नारी का पर्यायवाची है -
   (क) अंबुद
   (ख) बगीचा
   (ग) स्त्री

# 14-विराम चिह्न

1. निम्न में किसमें प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग हुआ है-
   (क) तुम कब आए?
   (ख) तुम आ गए।
   (ग) तुम कब आ जाओ।

2. निम्न में किसमें पूर्णविराम चिह्न का प्रयोग हुआ है-
   (क) प्रतिदिन सूरज पूर्व में उगता है।
   (ख) वाह! क्या बात है
   (ग) राम कहाँ जा रहा है?

3. तुम इधर-उधर मत घूमो। वाक्य में का प्रयोग हुआ है-
   (क) योजक
   (ख) प्रश्नवाचक
   (ग) विस्मयादिबोधक

4. अरे के बाद लगने वाला विराम-चिह्न है-
   (क) पूर्णविराम
   (ख) अर्धविराम
   (ग) विस्मयादिबोधक चिह्न

5. मुझे खाना नहीं खाना है। इस वाक्य में प्रयोग हुआ विराम-चिह्न है-
   (क) पूर्णविराम
   (ख) प्रश्नवाचक चिह्न
   (ग) विस्मयादिबोधक

6. वह चला गया ------ वाक्य में उचित विराम चिह्न बताइए-
   (क) ।
   (ख) ?
   (ग) ,

7. तुम कब आओगे----- वाक्य में उचित विराम् चिह्न होगा-
   (क) ?
   (ख) ।
   (ग) ,

8. निम्नलिखित विकल्पों में से प्रश्नवाचक का चिह्न है-
   (क) ।
   (ख) ?
   (ग) -

9. इनमें से कौन-सा अर्धविराम-चिह्न है-
   (क) ।
   (ख) :
   (ग) ;

10. निम्नलिखित विकल्पों में से पूर्णविराम का चिह्न है-
   (क) ?
   (ख) ।
   (ग) ,

# 15-यह भी जानें

## संख्याओं के नाम

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | – | एक | 11 | – | ग्यारह |
| 2 | – | दो | 12 | – | बारह |
| 3 | – | तीन | 13 | – | तेरह |
| 4 | – | चार | 14 | – | चौदह |
| 5 | – | पाँच | 15 | – | पंद्रह |
| 6 | – | छह | 16 | – | सोलह |
| 7 | – | सात | 17 | – | सत्रह |
| 8 | – | आठ | 18 | – | अठारह |
| 9 | – | नौ | 19 | – | उन्नीस |
| 10 | – | दस | 20 | – | बीस |

## दिनों के नाम

रविवार
सोमवार
मंगलवार
बुधवार
बृहस्पतिवार
शुक्रवार
शनिवार

## अशुद्ध एवं शुद्ध शब्द

| **अशुद्ध** | **शुद्ध** |
|---|---|
| भाशा | भाषा |
| आईए | आइए |
| षेश | शेष |
| बिमार | बीमार |
| गुरू | गुरु |
| चाहिये | चाहिए |
| दुसरा | दूसरा |
| परिक्षा | परीक्षा |
| रूपए | रुपए |
| करेगें | करेंगे |

## महीनों के नाम

जनवरी
फ़रवरी
मार्च
अप्रैल
मई
जून
जुलाई
अगस्त
सितंबर
अक्तूबर
नवंबर
दिसंबर